**जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जिलाधिकारी, फर्रूखाबाद की अध्यक्षता में गठित "जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति की दिनांक 03.05.2025 को आहूत बैठक का कार्यवृत्त।**

पत्रांक– 2380 / M-08 / 95 दिनांक 20/05/2025

जनपद फर्रूखाबाद में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा बैठक दिनांक 03.05.2025 को आहूत हुई। समीक्षा बैठक में उपस्थित सदस्यों का विवरण निम्नवत् है:–

1. मुख्य विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (उपाध्यक्ष)
2. प्रभागीय वन अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
3. जिला विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
4. जिला पंचायत राज अधिकारी , फर्रूखाबाद। (सदस्य)
5. जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी , फर्रूखाबाद। (सदस्य)
6. अधिशासी अभियन्ता सिचाई विभाग, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
7. जिला कृषि अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
8. जिला सूचना एवं जन सम्पर्क अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
9. सहायक अभियन्ता लघु सिचाई विभाग, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी, फर्रूखाबाद। (सदस्य)
11. श्री अजय यादव, डी0सी0, मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0, फर्रूखाबाद। (डी0पी0एम0यू0)
12. श्री अनुज कुमार, डी0पी0एम0, मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0,फर्रूखाबाद। (टी0पी0आई0)
13. श्री अशोक शर्मा, पी0एम0, मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0, हैदराबाद। (निर्माण एजेन्सी)
14. श्री अनुराग द्विवेदी, डी0पी0एम0, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
15. श्री प्रताप सिंह, मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0, नोएडा। (निर्माण एजेन्सी)
16. श्रीमती गीता सैनी, कोआर्डिनेटर, मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ । (आई0एस0ए0)
17. कु0 हिमांशी वर्मा, कोआर्डिनेटर, मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, मैनपुरी। (आई0एस0ए0)
18. अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद। (सदस्य सचिव)

1. बैठक के आरम्भ में सर्व प्रथम अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0, जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद द्वारा जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत फेज–2 एवं फेज–3 में कराये जा रहे समस्त कार्यो की प्रगति से अधोहस्ताक्षरी को अवगत कराया गया। योजना में लक्ष्य के सापेक्ष खराब प्रगति पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी और निर्माण कार्यो को समय से पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। साथ ही दोनो कार्यरत एजेंसी मै0 जी0वी0पी0आर0 एवं मै0 वी0टी0एल0 गजा को कार्यो की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु निर्देशित किया गया। वर्तमान में जल जीवन मिशन फेज–02 एवं फेज–03 के अन्तर्गत उच्च जलाशय के निर्माण की प्रगति का विवरण फर्मवार निम्नवत् है–

| फर्म का नाम | लक्ष्य | प्रगति | अवशेष |
|---|---|---|---|
| मै0 जी0वी0पी0आर0 | 227 | 44 | 183 |
| मै0 वी0टी0एल0 गजा | 154 | 101 | 53 |

2. मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि श्री अशोक सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 227 नग उच्च जलाशयों में से 28 नग उच्च जलाशय आर0सी0सी0 पर आधारित है तथा शेष 199 नग उच्च जलाशय जिंक एलम पर आधारित है। जिनमें से 28 नग उच्च जलाशय की स्थापना कर दी गई है तथा अवशेष 171 नग उच्च जलाशय की स्थापना का कार्य प्रगति पर है। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रूखाबाद को निर्देश दिये गये कि आगामी बैठक में जिंक एलम टैंक तथा आर0सी0सी0 टैंक निर्माण की प्रगति को अलग–अलग दर्शायें तथा यह भी निर्देश दिये गये कि जिंक एलम टैंक इंस्टालेशन का कार्य आवश्यकतानुसार श्रमशक्ति लगाते हुये गुणवत्तापूर्वक निर्माण कार्य माह जून, 2025 तक पूर्ण कर लिया जाये ।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि श्री अशोक सिंह को उच्च जलाशय की खराब प्रगति पर स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये यदि फर्म द्वारा आवश्यक श्रमशक्ति बड़ाकर कार्यो में वांछित प्रगति नही लाई जाती है तो फर्म को काली सूची में डालने हेतु शासन को संस्तुति कर दी जायेगी।
4. मै0 जी0वी0पी0आर0 के प्रतिनिधि श्री अशोक सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सितम्बर, 2025 तक योजना से सम्बन्धित समस्त कार्यो को पूर्ण करा लिया जायेगा। जिस पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा जून, 2025 तक समस्त कार्यो को पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

5. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद हेतु नामित दोनों एजेंसियों मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 तथा मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0 के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि बार–बार निर्देशों के बाबजूद क्षतिग्रस्त मार्गो के मरम्मत का कार्य पूर्ण नही किया जा रहा है इसे शीघ्र पूर्ण कराया जाये। वितरण प्रणाली बिछाने हेतु काटी गई सड़को तथा गढ्ढों के कारण अगर किसी के साथ किसी प्रकार की दुर्घटना घटित होती है तो ऐसी स्थिति में एजेंसी पूर्णरूप से उत्तरदायी होगी तथा सम्बन्धित एजेंसी की F.I.R दर्ज करा दी जायेगी।

6. अधोहस्ताक्षरी द्वारा जनपद हेतु नामित आई0एस0ए0 एजेंसी क्रमशः मै0 सर्वार्थ सेवा संस्था चिनहट, लखनऊ एवं मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, बेबर, मैनपुरी को जन जागरूक गतिविधियां कराने से पूर्व रोस्टर जारी करने हेतु निर्देशित किया गया कि एजेंसियां गतिविधियां प्रारम्भ करने से पूर्व गतिविधियों का रोस्टर तैयार कर सचिव, ग्राम प्रधान, खण्ड विकास अधिकारी, जिला विकास अधिकारी ,मुख्य विकास अधिकारी, अधिशासी अभियन्ता जल निगम(ग्रामीण),फर्रूखाबाद एवं डी0पी0एम0यू0 को पत्र के माध्यम से अवगत कराने हेतु निर्देशित किया गया ।

7. दोनों एजेंसियों मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0 लि0 तथा मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0 लि0 के प्रतिनिधि क्रमशः श्री अशोक सिंह तथा श्री अनुराग द्विवेदी को निर्देश दिये गये कि जहाँ–जहाँ पाइप लाइन बिछाने के दौरान मार्गो को तोड़ा गया है उनको वर्षा ऋतु से पूर्व, पूर्व की भाँति गुणवत्तापूर्ण ठीक कराना सुनिश्चित करें, इस कार्य को पूर्ण कराने के निर्देश कई बार दिये जा चुके है लेकिन कार्यवाही नही की जा रही है यह प्रकरण जनता की सुविधा से जुड़ा हुआ है। अतः इस पर विशेष अभियान चलाकर पूर्ण किया जाये।

8. साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि जनपद हेतु नामित जिला समन्वयक एवं अनुश्रवण इकाई, फर्रूखाबाद के डी0सी0 प्रत्येक दिन जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा कर अपनी रिपोर्ट अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), फर्रूखाबाद को उपलब्ध करायें।

9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा दोनों एजेंसियों को निर्देशित किया गया कि अधिकांश ग्रहजल संयोजन जो घरों के बाहर दिये जा रहे है उनको घर के अन्दर करना सुनिश्चित करें यदि कोई गृहस्वामी स्वेच्छा से घर के बाहर कनेक्शन लेना चाहता है तो उसका सहमति पत्र प्राप्त करने के उपरान्त ही कनेक्शन घर के बाहर दिया जाये तथा जिन कनेक्शनों को घर के बाहर स्थापित किया गया है उनको प्रत्येक दशा में घर के अन्दर स्थापित करना सुनिश्चित करें।

10. बैठक में उपस्थित आई0एस0ए0 मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान, मैनपुरी तथा मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वह ग्रामों में जाकर पेयजल से सम्बन्धित ग्रामवासियों में जन जागरूकता अभियान चलाते हुये गृहजल संयोजन कराने एवं पेयजल संरक्षण हेतु प्रेरित करें।

11. अधोहस्ताक्षरी द्वारा समस्त खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि जो पेयजल योजनाये पूर्ण हो गई है तथा समस्त निर्माण कार्य पूर्ण कर सुचारू रूप से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ हो गई है उन योजनाओं से सम्बन्धित राजस्व ग्रामों को हर घर जल प्रमाणित कराने एवं त्रिपक्षीय अनुबन्ध (ग्राम पंचायत, विभाग, कार्यदायी फर्म के मध्य) गठन हेतु प्रधान/सचिव को अपने स्तर से निर्देशित करें ताकि योजना को ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित करने की अग्रिम कार्यवाही की जा सके तथा **बैठक में अधोहस्तक्षरी द्वारा अधिशासी अभियन्ता उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) फर्रूखाबाद को निर्देश दिये गये कि जो भी परियोजनायें पूर्ण है और उनकी बाउन्ड्रीवॉल बनगई है उनमें आगामी वृक्षारोपण कार्यक्रम के अन्तर्गत वृक्षारोपण करा दिया जाये । ऐसे पौधे ही रोपित किये जाये जिससे परियोजना को नुक्सान न पहुँचें।**

12. जल जीवन मिशन के अन्तर्गत जनपद में कार्यरत आई0एस0ए0 एजेंसी मै0 सर्वार्थ सेवा संस्थान, लखनऊ द्वारा कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान मै0 सर्वार्थ सेवा संस्था चिनहट, लखनऊ द्वारा जनपद में करायी गई जन जागरूक गतिविधियों के 02 नग बीजक क्लस्टर A5 एवं A7 के इम्पलीमेंटेशन फेज (द्वितीय फेज) को पत्रांक मेमो/S.S.S/Bill/A-07/II Phase/2024-25 दिनांक 31.01.2025 के अन्तर्गत रू0 1559250.00 एवं पत्रांक मेमो/S.S.S/Bill/A-05/II Phase/2024-25 दिनांक 23.09.2024 के अन्तर्गत रू0 1002375.00 का कार्य कर प्रेषित किया गया है। जिसको तत्समय ही जनपद हेतु नामित डी0पी0एम0यू0 को सत्यापन हेतु भेज दिया गया था उक्त क्लस्टर संख्या A5 एवं A7 के बीजको एवं अभिलेखों के अन्तर्गत जन जागरूक गतिविधियों का सत्यापन उपलब्ध कराये गये अभिलेखों (फोटोग्राफ एवम् वीडियों) एवं रेंण्डम साइट बिजिट द्वारा डी0पी0ए0यू0 के पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2024-25/105833 दिनांक 26.12.2024 एवं पत्रांक MTCPL/SWSM/DPMU/2025-26/6423

Scanned with OKEN Scanner

Scanned with OKEN Scanner

दिनांक 22.04.2025 को परीक्षणोपरान्त भुगतान हेतु संस्तुति सहित खण्ड कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। साथ ही क्लस्टर संख्या A5 के बीजको का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर के पत्रांक 3789/व0सहा0/जल जीवन मिशन–सत्यापन/2024 दिनांक 31.12.2024, खण्ड विकास अधिकारी शमसाबाद के पत्रांक 3145/व0सहा0/जल जीवन मिशन–सत्यापन/2024 दिनांक 19.12.2024 एवं क्लस्टर संख्या A7 के बीजको का सत्यापन खण्ड विकास अधिकारी कमालगंज के पत्रांक 157/व0सहा0/जल जीवन मिशन–सत्यान/2025 दिनांक 22.04.2025, खण्ड विकास अधिकारी राजेपुर के पत्रांक 1212/व0सहा0/जल जीवन मिशन–सत्यापन/2025 दिनांक 15.04.2025 के द्वारा किया गया। अधोहस्ताक्षरी द्वारा सभी खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि आई0एस0ए0 की गतिविधियों का ग्रामवासियों में प्रचार प्रसार कराया जाये और उनमें ब्लाक स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों सहित रैंडम अधार पर स्वयं भी प्रतिभाग करें। अवगत कराना है कि **शासनादेश सं–65/2022/3396/छियत्तर–1–2022–03 सम/2022 दिनांक 03.10.2022 के द्वारा भुगतान की प्रक्रिया से अवगत कराया गया है, शासनादेश के बिन्दु सं0 2(iv) में निर्देश है कि "अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण), जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन द्वारा आई0एस0ए0 की आर0एफ0पी0 के अनुसार फेजवाइज गतिविधियों के अभिलेख एवं सम्बन्धित फोटोग्राफ/वीडियो प्राप्त कर जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति से सत्यापित कराकर तथा जिलाधिकारी महोदय से अनुमोदन प्राप्त कर ही आई0एस0ए0 के बिलों के भुगतान की कार्यवाही की जायेगी"** । जिस पर समिति द्वारा गतिविधियों का अवलोकन कर सर्व सहमति से सत्यापन किया गया जिसके फलस्वरूप अधोहस्ताक्षरी द्वारा सत्यापन पर अनुमोदन प्रदान करते हुये अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये।

**धन्यबाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।**

15/05/25

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

# कार्यालय जिलाधिकारी, फर्रुखाबाद।

<u>पृ0सं0 एवं दिनांक उपरोक्तानुसार</u>
**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. अधिशासी निदेशक "राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, किसान बाजार विभूती खण्ड, गोमती नगर लखनऊ।
3. मुख्य विकस अधिकारी, फर्रुखाबाद।
4. जिला विकास अधिकारी, फर्रुखाबाद।
5. अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), फर्रुखाबाद।
6. मै0 बी0एल0जी0, कस्ट्रक्शन सर्विसेज प्रा0लि0 टी0पी0आई0, फर्रुखाबाद।
7. मै0 मेंधज टेक्नों कान्सेप्ट प्रा0लि0 डी0पी0एम0यू0, फर्रुखाबाद।
8. मै0 जी0वी0पी0आर0 इंजी0लि0, हैदराबाद।
9. मै0 वी0टी0एल0 गजा इंजी0लि0 जे0वी0, नोएडा।
10. मै0 भारतीय महिला एवं बाल विकास संस्थान इटावा रोड़ बेवर, मैनपुरी।
11. मै0 सवार्थ सेवा संस्थान, न्यू नन्दी बिहार कालोनी, सराय शेख चिनहट, लखनऊ।

15/05/25

**जिलाधिकारी/अध्यक्ष**
**"जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन" समिति**
**फर्रुखाबाद**

Scanned with OKEN Scanner